दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 25.09.2021

प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 24.09.2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. केशव सिंह, समन्वय, राष्ट्रीय सेवा योजना, दी.द.उ.गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक संकल्प है। इसमें व्यक्तिगत तथा सामुदायिक सेवा के माध्यम से समाज को एक नई दिशा प्रदान की जा सकती है। इसके स्वयं सेवक समर्पण भाव से समाज और नागरिकों की समस्याओं का समाधान करता है जिससे नागरिकों में सामाजिक तथा राष्ट्रीय दायित्व का बोध विकसित होता है यह एक ऐसा विशिष्ट कार्यक्रम है जिससे लोगों में लोकतान्त्रिक प्रवृति, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द का भाव प्रतीत होता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा गोपाल मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना 1950 में प्रथम शिक्षा आयोग के समय छात्रों द्वारा स्वेक्षा से राष्ट्र सेवा के कार्य करने के मुख्य उद्देश्य से स्थापित हुआ जो उच्च शिक्षा के छात्रों को अनिवार्य रूप से राष्ट्र सेवा के कार्यों में लगाये जाने की संभावनाओं को प्रेरित करने के लिए किया गया। जिससे स्वयं सेवकों में जहां राष्ट्र की सेवानेतृत्व क्षमता का भाव पैदा हो। छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना ही राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रधान उद्देश्य है। संचालन का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूक्मिणी चौधरी द्वारा किया गया तथा आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चण्डी प्रसाद पाण्डेय एवं स्वयंसेवक/स्वयंसेविकायें उपस्थित रहें।

डॉ.(वीणा गोपाल मिश्रा)
प्राचार्य